/

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ


प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू० एन० सिंह )

महासचिव
गंगाधर लाल दास
( जी० एल० दास )

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद


Truth Will Triumph

पत्र संख्या 58

पटना
दिनांक 6-2-2001

सेवा में,

जिला पदाधिकारी, भागलपुर ।

---

आरक्षी अधीक्षक, भागलपुर ।

विषय:- डा० मुन्नी दास, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गोराडीह, भागलपुर के साथ प्राक्कलन समिति के माननीय सदस्य श्री रबीन्द्र तांती के द्वारा मारपीट एवं गाली गलौज करने के विरुद्ध कारवाई करने के संबंध में ।

=======

महाशय,

उपर्युक्त विषयक डा० मुन्नी दास का पत्र जो आपको सम्बोधित है की प्रति संलग्न करते हुए कहना है कि:-

1. श्री दास के साथ माननीय विधायक द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार एवं मारपीट की घटना न केवल असंवैधानिक है बल्कि एक संज्ञेय अपराध भी है । घटना के विरुद्ध श्री दास द्वारा प्राथमिकी भी दर्ज करायी गई है तो उनके विरुद्ध कोई ठोस कारवाई नहीं किया जाना जिला प्रशासन की मजबूरी और खोखलापन को दर्शाता है ।

2. जब विधायक ही जो अधिनियम के निर्माता हैं वही अपने पद और संवैधानिक मर्यादा का पालन न करे तथा वैधानिक प्रक्रिया का उल्लंघन एवं गलत आचरण करे तो जिला प्रशासन को मुक दर्शक बने रहना शोभा नहीं देता है ।

3. जब आपके मातहत पदाधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं और गुण्डा एवं अराजक तत्व की बोलबाला बढ़ रहा है और आप जिला के शीर्ष पदों पर बैठ कर

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू॰ एन॰ सिंह )

महासचिव
गंगाधर लाल दास
( जी॰ एल॰ दास )

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

Truth Will Triumph

पत्र संख्या.................. पटना दिनांक..................



तमाशा देख रहे हैं तो संघ इस बात से निन्तित है कि सामान्य जनता आपके हाथों कितना सुरक्षित होगा । ऐसी स्थिति में आप भले ही अपने को जिलाधिकारी/आरक्षी अधीक्षक के रूप में सुरक्षित महसूस करें पर इसी कारण आप भी प्रखंड लेकर सचिवालय में सुरक्षित नहीं हैं ।

4॥ बिहार प्रशासनिक सेवा संघ आपको यह अगाह कर देना चाहता है कि अगर आप गलत आचरण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध चाहे वे कोई भी हो, सख्त कारवाई तुरत नहीं करते हैं तो संघ अपने सदस्यों की प्रतिष्ठा एवं मान, सम्मान की सुरक्षा के लिए अब हर कुर्बानी देने को तैयार है ।

अत: उल्लेखित स्थिति में हमारा अनुरोध है कि आप ऐसे दुराचारी लोगों जिन्होंने न्यायायिक एवं संवैधानिक प्रक्रिया के विपरीत आचरण किया है के विरूद्ध सख्त कारवाई अविलम्ब करें अन्यथा हमें बाध्य होकर आन्दोलन करना पड़ेगा, जिसकी सारी जिम्मेवारी आप पर होगी ।

विश्वासभाजन,

॥जी0एल0 दास॥
महासचिव ।

॥डब्लू0एन0 सिंह॥
अध्यक्ष ।